PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Dainik Bhaskar, Delhi
Tue, 13 Jun 2017, Page 1
Width: 11.97 cms, Height: 18.91 cms, a4, Ref: 20.2017-06-13.9

रेलवे के बेड़े में जुड़ेंगे नई साज-सज्जा वाले 40,000 यात्री डिब्बे

नई दिल्ली | भारतीय रेल यात्रियों की सुविधा के लिए आने वाले समय में नई साज-सज्जा और उन्नत सुविधा वाले करीब 40,000 डिब्बे अपने बेड़े में जोड़ेगी। इस पर रेलवे 8,000 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इसके अलावा रेलवे मौजूदा कोचों में सुरक्षा उपायों को और मजबूत करेगी। इनमें मजबूत कपलर लगाए जाएंगे, ताकि दुर्घटना के समय बोगियों के पलटने का खतरा कम हो। योजना के मुताबिक इन डिब्बों की साज-सज्जा और इनमें बैठने की व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। शौचालय भी आधुनिक तरीके के होंगे। रेल मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस काम पर प्रति कोच 30 लाख रुपए तक खर्च आएगा। यह काम अगले पांच साल में पूरा होगा। रेलवे में नई साज-सज्जा और उन्नत सुविधाओं वाले 40,000 डिब्बे 2023 तक शामिल कर लिए जाएंगे। चालू वित्त वर्ष में ऐसे 1,000 डिब्बे जोड़े जाएंगे और अगले वित्त वर्ष में 3,000 डिब्बे जोड़े जाएंगे। इसके बाद के वर्षों में यह संख्या बढ़कर 5,500 डिब्बे तक पहुंच जाएगी। अधिकारी ने बताया कि वित्त वर्ष 2018-19 से 2022-23 के बीच रेलवे सालाना आधुनिक सुविधाओं वाले 15,000 नए डिब्बे बनाने लगेगी।